# रोड शो के जरिये निवेश बढ़ाएगा इन्वेस्ट यूपी

## जीबीसी-5 और जीआइएस 2026 की तैयारी की शुरू

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: इन्वेस्ट यूपी ने रोड शो के जरिये निवेशकों से संपर्क बढ़ाकर निवेश लाने की रणनीति पर काम शुरू किया है। इस रणनीति के तहत सितंबर-अक्टूबर में सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, यूएई, कतर और कनाडा सहित कई देशों में रोड शो करके विदेशी निवेश को आकर्षित किया जाएगा।

साथ ही, इन्वेस्ट यूपी ने आउटरीच योजना के तहत नवंबर में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग समिट (जीबीसी) व फरवरी 2026 में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआइएस) के लिए नए निवेश प्रस्तावों को आकर्षित करने की रणनीति तैयार की है। इसके लिए आगामी दिसंबर से जनवरी तक देश के अलग-अलग शहरों में भी रोड शो किए जाएंगे। इन्वेस्ट यूपी द्वारा वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति, फुटवियर और चर्म उत्पाद नीति, सतत् विमान ईंधन नीति और निजी निवेश प्रोत्साहन नीति का भी प्रचार किया जाएगा। निवेशकों के साथ संवाद के लिए 15 दिन में एक घंटे की निवेशक राउंड टेबल बैठक की जा रही है।